दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, मंगलवार 24 दिसम्बर 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रेलर की चपेट में आने से एक की मौत, 2 गम्भीर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ शहर के उर्दाना पुलिस लाइन के पास एक दर्दनाक हादसे में घरघोड़ा के शासकीय स्कूल में कार्यरत एक शिक्षक की मौत हो गई।
बताया जा रहा है कि दिगपाल सिंह चौहान उर्फबसंत दो अन्य मित्र एवं रिश्तेदार के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एडी 4966 में सवार होकर अपनी बहन के ससुराल जा रहे थे। दिगपाल सिंह चौहान के बहन की सास की मृत्यु की खबर मिलने पर वह दो अन्य लोगों के साथ बहन के ससुराल जाने घरघोड़ा से थे निकले थे। उर्दाना पुलिस लाइन के पास जैसे ही वह पहुंचे तभी वहां पीछे से आ रही ट्रेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया ट्रेलर की चपेट में आने से दिगपाल सिंह चौहान की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य 2 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इसमें से एक पुरुषोत्तम उम्र 39 वर्ष एवं दूसरा युवक दीपक उम्र 28 वर्ष जो कि मृतक का भतीजा है। दुर्घटना के बाद डायल 112 की मदद से दिगपाल के शव व दोनों घायल व्यक्तियों को जिला अस्पताल ले जाया गया है। जहां मृतक के शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। वहीं दो अन्य घायलों का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है।

### विभिन्न संविदा पदों की अंतिम सूची जारी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जनपद स्तर पर कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, लेखापाल, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं सहायक ग्रेड-3 के कुल 72 संविदा पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के जांच एवं दावा आपत्ति का चयन समिति द्वारा निराकरण करने के उपरांत अभ्यर्थियों की अंतिम पात्र एवं अपात्र तथा दावा-आपत्ति निराकरण सूची जिला पंचायत रायगढ़ के सूचना पटल पर जारी की गई है तथा जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in पर भी अपलोड किया गया है।

### इन्सपायर अवार्ड में जिले के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इन्सपायर अवार्ड प्रतियोगिता में इस वर्ष रायगढ़ जिले से कुल 104 विद्यार्थियों का चयन एनआईएफ National Innovative Foundation Delhi) द्वारा किया गया है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 वीं से 10 वीं तक के विद्यार्थी अपने मॉडल की रूपरेखा इंस्पायर अवार्ड की वेबसाइट में ऑनलाईन प्रस्तुत करते है। इनमें पूर्व मा.शाला से 3 और हाईस्कूल से 2 मॉडल प्रति विद्यालय द्वारा अपलोड किए जा सकते है। जिसमें से नवाचार युक्त मॉडल का चयन एनआईएफ द्वारा किया जाता है। चयनित मॉडल में विशेष रूप से शास.उ.मा.वि.जूटमिल के छात्र राहुल साहू का गार्बेज सेपरेटर एवं सतेन्द्र निराला का दिव्यांगों के लिए ट्रेन रैम्प उत्कृष्ट रहा। इसी तरह शास.उ.मा.वि.रायकेरा की छात्रा काजल बेहरा का आधुनिक ट्रैक्टर, उर्मिला गुप्ता का सफाई हेतु आधुनिक ट्रक, मनीष चौहान का आटोमेटिक जेट पम्प, पूर्व मा.शाला बरकसपाली तमनार की छात्रा रोशनी सिदार द्वारा मिट्टी के जूते, शा.उ.मा.वि.चपले के छात्र वेद प्रकाश पटेल द्वारा बनाये गये ऑटोमेटिक इरिगेशन सिस्टम उल्लेखनीय है।

### सड़क पर कुत्ते को टायलेट कराना पड़ गया भारी, भरना पड़ा 2 हजार जुर्माना

**दुर्ग, (आरएनएस)।** नगर निगम के निगरानी दल के लोगों की सूचना पर निगम स्वास्थ्य विभाग अमला ने आदित्य नगर में कुशा भाऊ ठाकरे भवन के पीछे निवासी चंदन सिंह पर 2 हजार रूपए का जुर्माना लगाया। श्री सिंह द्वारा आदित्य नगर सड़क पर अपने पालतू कुत्ते का टायलेट करा दिया था। निगम का निगरानी अमला ने तत्काल उसकी फोटो खींच कर निगम ग्रुप में पोस्ट कर दिया था। जिसके आधार पर स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देश पर घर जाकर कार्यवाही की। निगम आयुक्त इंद्रजीत बर्मन ने सभी सुपरवाइजरों, दरोगा को सख्त निर्देश देते हुये कहा है कि जहॉं भी जिनके द्वारा भी कचरा फेका जाता है, गंदगी की जाती है, डिस्पोजल, पानी पाउच विक्रय किया जाता है फेका जाता है उसकी तत्काल फोटो खींचे और ग्रुप में डालें। किसी के साथ कोई भी बहस न करें। उनके खिलाफ स्वास्थ्य विभाग सीधा कार्यवाही करेगी।

# त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20, 30 दिसम्बर से किए जायेंगे नामांकन दाखिल

**» तीन चरणों में होंगे मतदान, आदर्श आचार संहिता लागू**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** / छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2019-20 हेतु कार्यक्रम अनुसूची जारी किया गया है। तीन चरणों में मतदान होगा। प्रथम चरण में रायगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं तमनार, द्वितीय चरण में सारंगढ़ एवं बरमकेला तथा तृतीय चरण में लैलूंगा, पुसौर तथा खरसिया शामिल है। मतदान प्रथम चरण 28 जनवरी 2020, द्वितीय चरण 31 जनवरी 2020 एवं तृतीय चरण 3 फरवरी 2020 को होगा। तीनों चरणों का मतदान का समय प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रहेगा।




निर्धारित कार्यक्रम अनुसार तीनों चरणों के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन प्राप्त करना, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 30 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 जनवरी 2020 को अपरान्ह 3 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 7 जनवरी 2020 को प्रातः 10 बजे से अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 9 जनवरी 2020 को अपरान्ह 3 बजे तक, निर्वाचन लडने़ वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन 9 जनवरी 2020 को अपरान्ह 3 बजे के बाद, निर्वाचन लडने़ वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 9 जनवरी 2020 को अपरान्ह 3 बजे प्रतीक आबंटन के बाद होगा।

मतदान केन्द्र पर की जाने वाली मतगणना के लिए प्रथम चरण 28 जनवरी 2020 मतदान के पश्चात, द्वितीय चरण 31 जनवरी 2020 मतदान के पश्चात एवं तृतीय चरण 3 फरवरी 2020 मतदान के पश्चात होगा। खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना के लिए (यदि आवश्यक हो) प्रथम चरण 29 जनवरी 2020 प्रातः 9 बजे से, द्वितीय चरण 1 फरवरी 2020 को प्रातः 9 बजे से एवं तृतीय चरण 4 फरवरी 2020 प्रातः 9 बजे से किया जाएगा।

सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा पंच/सरपंच/जनपद पंचायत सदस्य के मामले में खण्ड स्तर पर प्रथम चरण 30 जनवरी 2020 को प्रातः 9 बजे से (खण्ड मुख्यालय में), द्वितीय चरण 2 फरवरी 2020 प्रातः 9 बजे से (खण्ड मुख्यालय में) एवं तृतीय चरण 5 फरवरी 2020 प्रातः 9 बजे से (खण्ड मुख्यालय में) तथा जिला पंचायत सदस्य के मामले में (जिला मुख्यालय में) प्रथम चरण 31 जनवरी 2020 प्रातः10.30 बजे से, द्वितीय चरण 3 फरवरी 2020 प्रातः10.30 बजे से एवं तृतीय चरण 6 फरवरी 2020 को प्रातः 10.30 बजे से होगी।

## सारंगढ़ थाना क्षेत्र में पकड़ी गई पिकअप में अवैध धान

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना सरिया क्षेत्र अंतर्गत सांकरा के पास दिनांक 22.12.2019 के सुबह ओडिशा से आती हुई पिकअप में लोड अवैध धान को निरीक्षक आशीष वासनिक के नेतृत्व वाली विशेष टीम द्वारा नाकेबंदी कर पकड़ा गया था। देर शाम इस टीम को सारंगढ़ थाना क्षेत्र में सारंगढ़- कनकबीरा मार्ग में से होकर पिकअप वाहन में अवैध धान के परिवहन होने की सूचना मिली जिस पर विशेष टीम के सदस्य व थाना सारंगढ़ स्टाफ द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए ग्राम अमझर (भीमसेन डीह ) के पास पिकअप वाहन क्र सीजी- 06 जीपी 0752 में अवैध रूप से परिवहन कर ले जा रहे धान को पकड़े। वाहन में 45 बोरी धान वजन 18 क्विटल कीमत 32 हजार रुपए जिसे प्रकाश अग्रवाल पिता मोहन अग्रवाल 24 साल निवासी सालर चौकी कनकबीरा, थाना सारंगढ़ द्वारा पिकअप वाहन से लेकर जा रहा था। पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि प्रकाश अग्रवाल द्वारा धान कोचिया से धान खरीद कर खपाने का इंतजाम किया



जा रहा है , सूचना पर विशेष टीम द्वारा एकाएक अमझर के पास दबिश देकर प्रकाश अग्रवाल को पकड़े और धान मय वाहन थाना सारंगढ़ लेकर आया गया। सारंगढ़ पुलिस द्वारा सारंगढ़ कृषि उपज मंडी को सूचना दी गई। मंडी अधिकारियों द्वारा मंडी अधिनियम के तहत प्रकाश अग्रवाल पर कार्यवाही की गई है। साथ ही सारंगढ़ पुलिस द्वारा मौके पर प्रकाश अग्रवाल द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते पाए जाने पर धारा 279 आईपीसी के तहत पृथक से कार्यवाही की गई है।

## पान ठेले में लगी आग को डायल 112 सहायता से बुझाई गई

**न्याय साक्षी /रायगढ़।** पान ठेले में लगी आग, रायनो को इवेंट - आज दिनांक 23.12.19 के सुबह 08.00 बजे कोतवाली (जुटमिल) राइनो - 2 को कोड़तराई के पास



पान ठेले में आग लगने का इवेंट मिला। इवेंट पर कोतवाली (जुटमिल) राइनो - 2 के ईआरव्ही वाहन में आरक्षक प्रकाश गिरी गोस्वामी व चालक मौके पर पहुंचे। पान ठेले के समीप सुखी झंडियां थी जिससे आग बढ़कर आसपास के मकान तक पहुंच पता उससे पहले फायर ब्रिगेड, डॉयल 112 स्टाफ तथा आसपास के लोगों ने पान ठेले में लगी आग को बुझाये। पान ठेला कोडातराई के अभिमन्यु साहू की थी।

## बुलेकेरा नाला के पास कोयले की अवैध खुदाई मे लगा जेसीबी जप्त

**» जेसीबी व खुदा हुआ 8 टन कोयला मौके से जप्त घरघोड़ा पुलिस की कार्यवाही**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह को आज दिनांक 23.12. 2019 के भोर में मुखबीर से सूचना मिला कि बुलेकेरा नाला के पास कोयले की अवैध खुदाई किया जा रहा है, सूचना पर सुबह करीब 4:30 बजे थाना प्रभारी घरघोड़ा अपने स्टाफ के साथ मौके पर जाकर रेड किए। मौके पर एक बिना नम्बर जेसीबी लावारिस हालत में खड़ा मिला पास ही कोयले की खुदाई कर करीब 8 टन कोयला




रखा हुआ था। पुलिस टीम द्वारा जेसीबी स्वामी एवं कोयले मालिक का पतासाजी किया गया नहीं मिलने पर धारा 102 सीआरपीसी के तहत कोयला व जेसीबी जप्त कर कब्जे में लिया गया।

## जिंदल के असिस्टेंट मैनेजर के साथ मारपीट के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**» पेशे से ठेकेदार है आरोपीगण, भेजे गया रिमांड पर**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिंदल पावर लिमिटेड तमनार में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत दिलीप कुमार मिश्रा को दिनांक 12.12.19 के दोपहर कंपनी के कैंपस में बुलाकर उनके साथ मारपीट कर गाड़ी में बिठा कर अपहरण जैसी घटना को अंजाम देने वाले स्थानीय चार ठेकेदार को तमनार पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर मामले में धारा 452, 365 भादवि जोड़कर आरोपियों को गिरफ्तार



कर रिमांड पर भेजा गया है।

ज्ञात हो कि दिलीप कुमार मिश्रा पिता गोपीनाथ मिश्रा उम्र 49 वर्ष सा- जिप्ट हास्टल जिंदल पावर लिमि तमनार द्वारा दिनांक 13.12.2019 को थाना तमनार में आवेदन दिया गया था कि दिनांक 12.12.2019 को दोपहर में ठेकेदार विश्वास पटनायक ,चंद्रशेखर दास ,विनायक पटनायक एवं संतोष गुप्ता के द्वारा संस्थान में घुसकर गाली गलौच कर जान से मारनें की धमकी देते हुये मारपीट कि गई है। आवेदन पर अपराध क्रमांक 263/ 19 धारा 294, 506,323,34 ताहि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना दरमियान आहत दिलीप कुमार मिश्रा का मुलाहिजा, कथन एवं गवाहों का कथन लिया गया जिसमें आरोपियों द्वारा धारा 452, 365 ताहि का अपराध घटित करना पाए जाने से विस्तारित कर आरोपी 1- विश्वाल पटनायक उर्फ गुड्डन पिता विजय शंकर पटनायक उम्र 40 साल निवासी तमनार 2- विनायक पटनायक पिता अश्वनी पटनायक उम्र 21 साल निवासी तमनार 3- चंद्रशेखर दास वैष्णव उर्फ अजय दास वैष्णव पिता दामोदर दास वैष्णव उम्र 38 साल तमनार 4-संतोष गुप्ता पिता तुलसी गुप्ता 22 साल निवासी तमनार को दिनांक 22.12. 2019 को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## कोरबा से बीकानेर के मध्य नई ट्रेन चलाने सांसद ने रेलमंत्री को लिखा पत्र

**कोरबा (आरएनएस)।** बीकानेर मार्ग पर नई ट्रेन परिचालन की मांग करते हुए कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने भारत सरकार के रेल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखा है। सांसद श्रीमती महंत ने पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य से प्रतिदिन सैंकड़ों यात्री उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र की यात्रा करते हैं। मेरे लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रांतर्गत ऊर्जाधानी एवं औद्योगिक नगरी के नाम से विश्व पटल पर स्थान बनाने वाले कोरबा से सीधे उक्त राज्यों हेतु रेल मार्ग से सुलभ संपर्क नहीं होने के कारण क्षेत्र के यात्रियों को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों द्वारा कोरबा-बीकानेर-कोरबा मार्ग पर नई ट्रेन परिचालन की



मांग लगातार की जा रही है। कोरबा-बीकानेर-कोरबा मार्ग पर नवीन ट्रेन परिचालन कोरबा-बिलासपुर-कटनी-कोटा-जयपुर-बीकानेर मार्ग से करने से क्षेत्रवासियों को सीधे मध्यप्रदेश एवं राजस्थान की यात्रा के लिए सुलभ सुविधा एवं उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र राज्य के साथ अन्य महत्वपूर्ण स्थानों हेतु कटनी से लिंक ट्रेन सहज उपलब्ध हो जायेगा। सांसद श्रीमती महंत ने रेलमंत्री से आग्रह किया कि क्षेत्र की जनता की भावना के अनुरूप कोरबा-बीकानेर-कोरबा मार्ग पर नई ट्रेन परिचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रसारित करें।




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480